उत्तर प्रदेश शासन
ग्राम्य विकास अनुभाग-1
संख्या-10/2016/177/38-1-2016&3508/2013
लखनऊ: दिनांक: 28 जनवरी, 2016

<u>कार्यालय ज्ञाप</u>

लोक सेवा आयोग, उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद द्वारा आयोजित सम्मिलित राज्य/प्रवर अधीनस्थ सेवा परीक्षा,2013 के आधार पर सीधी भर्ती के माध्यम से खण्ड विकास अधिकारी के पद पर चयनित निम्नलिखित अभ्यर्थियों को चरित्र सत्यापन एवं राज्य चिकित्सा परिषद्, उ0प्र0, लखनऊ की स्वास्थ्य परीक्षण में स्वस्थ घोषित किये जाने के उपरान्त उत्तर प्रदेश प्रादेशिक विकास सेवा संवर्ग में खण्ड विकास अधिकारी के पद पर वेतनमान रू0 15,600-39,100 ग्रेड वेतन रू0 5400 में मौलिक रूप से नियुक्त करते हुए इन्हें 02 वर्ष की परिवीक्षा अवधि (जिसे नियमानुसार बढ़ाया भी जा सकता है) पर रखते हुए शासन के नियुक्ति/विज्ञप्ति संख्या- संख्या-350/2015/2238/38-1-2015&3508/2013 लखनऊ: दिनांक: 21 सितम्बर, 2015 एवं कार्यालय आदेश संख्या-351/2015/2238/38-1-2015&3508/2013 लखनऊ: दिनांक: 24 सितम्बर, 2015 द्वारा दिनांक 28.09.2015 से 21.11.2015 (यथा संशोधित) तक दीनदयाल उपाध्याय, राज्य ग्राम्य विकास संस्थान, बक्शी का तालाब, लखनऊ में आयोजित आधारभूत प्रशिक्षण में प्रतिभाग करने हेतु अन्य के साथ निम्नलिखित खण्ड विकास अधिकारियों को नामित किया गया, किन्तु इन नवनियुक्त खण्ड विकास अधिकारियों द्वारा उक्त प्रशिक्षण में कतिपय कारणोंवश प्रतिभाग नहीं किया जा सका। तत्क्रम में सम्यक विचारोपरान्त इन नवनियुक्त खण्ड विकास अधिकारियों को उनके नाम के सम्मुख कॉलम-6 में अंकित जनपद में खण्ड विकास अधिकारी के पद पर एतद्द्वारा तैनात किये जाने के आदेश श्री राज्यपाल सहर्ष प्रदान करते हैं:-

क्र0	नाम	पिता/पति का नाम	पत्राचार पता	गृह जनपद	तैनाती का जनपद
1	श्री परमहंस लाल श्रीवास्तव	श्री ओम प्रकाश श्रीवास्तव	ग्राम व पो0 बरगाहपुर, टोला, श्री गोपाल जोत, निकट लेहरा रेलवे स्टेशन, महराजगंज	महराजगंज	गोण्डा
2	श्री अनिरूद्ध सिंह चौहान	श्री अवधेश सिंह चौहान	गुंजन विहार कालोनी निकट कल्कत्ता ट्रान्सपोर्ट कम्पनी आलूमण्डी मुख्य मार्ग सेन्ट्रल जेल चौराहा फरूर्खाबाद 209602	फरूर्खाबाद	मैनपुरी
3	श्री हेमन्त कुमार यादव	श्री राम लखन सिंह यादव	529डी/0236 विवेकानन्दपुरम, कल्याणपुर पश्चिम,	लखनऊ	सीतापुर

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

			लखनऊ, उ0प्र0 226022		
4	सुश्री आरती सिंह	श्री उपेन्द्र सिंह	।।/169 ज्वालामुखी इनक्लेव, शक्ती नगर, सोनभद्र 231222	सोनभद्र	मेरठ
5	श्री धीरेन्द्र कुमार यादव	श्री संगम लाल यादव	ग्राम लऊवा सुखदेवपुर, पो0 मोहद्दीनगर, भदरी, प्रतापगढ़ 230201	प्रतापगढ़	बांदा
6	श्री सुधीर कुमार	श्री मोहर सिंह	के-1-158, कवि नगर, गाजियाबाद 201002	कासगंज	शाहजहॉपुर
7	श्री संजय सिंह	श्री रामेश्वर सिंह	ग्राम कोटास (हसीपुर), पो0 सण्डी, थाना पन्नूगंज, सोनभद्र 231213	सोनभद्र	बरेली
8	श्री कुलदीप सिंह चन्देल	श्री धर्मपाल सिंह चन्देल	बी-8, विकास निवास, गुलशन पार्क, बन्नादेवी, अलीगढ़, उ0प्र0	फतेहपुर	अलीगढ़

2- जनपद के विकास खण्ड में तैनाती सम्बन्धित जिलाधिकारी द्वारा की जायेगी।

3- सम्बन्धित अभ्यर्थियों की तैनाती के जनपदों में विभिन्न विकास खण्डों में 01 माह की फील्ड ट्रेनिंग दिये जाने के उपरान्त ही सम्बन्धित जिलाधिकारियों के द्वारा इनकी विकास खण्डों में स्वतंत्र रूप से तैनाती की जायेगी।

4- इन अभ्यर्थियों की सेवा शर्ते शासन द्वारा निर्गत की गई नियमावलियों एवं शासनादेशों के अधीन विनियमित होंगी।

5- प्रत्येक अभ्यर्थी को शैक्षिक तथा आयु सम्बन्धी प्रमाण पत्र और चरित्र सम्बन्धी दो राजपत्रित अधिकारियों के प्रमाण पत्रों को उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा एवं जिन अभ्यर्थी ने पूर्व नियोक्ता से अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त कर प्रस्तुत नहीं किया है, को भी प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। उक्त प्रमाण पत्रों को प्रस्तुत न करने पर सम्बन्धित जिलाधिकारी को यह अधिकार होगा कि वे अभ्यर्थियों को योगदान करने की अनुमति प्रदान न करें।

6- तैनाती के जनपद तक जाने/पहुॅचने हेतु कोई मार्ग व्यय अथवा यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।

7- प्रादेशिक विकास सेवा संवर्ग में उक्त अधिकारियों की ज्येष्ठता उत्तर प्रदेश सरकारी सेवक ज्येष्ठता नियमावली- 1991 ‰अद्यावधिक संशोधन सहित‰ के सुसंगत नियमों के अनुसार लोक सेवा आयोग उत्तर प्रदेश द्वारा तैयार की गयी श्रेष्ठता सूची के आधार पर निर्धारित की जायेगी।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

8- यह नियुक्ति मा0 सर्वोच्च न्यायालय में लम्बित विशेष अनुज्ञा याचिका ‘सिविल’ संख्या-14299-14301/2007 उ0प्र0 लोक सेवा आयोग तथा अन्य प्रति पारसनाथ पाल तथा अन्य में पारित होने वाले निर्णय के अधीन जारी किये जा रहे हैं।

दीपक त्रिवेदी
प्रमुख सचिव।

संख्या- 10 /2016/177(1)/38-1-2016 तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

(1) महालेखाकार, उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद।
(2) कार्मिक अनुभाग-4, उ0प्र0 शासन को उनके पत्र संख्या-15/9/2015-का-4-2015 दिनांक 05.05.2015 के संदर्भ में प्रेषित।
(3) निदेशक, उ0प्र0 प्रशासन एवं प्रबन्धन अकादमी अलीगंज, लखनऊ।
(4) सचिव, लोक सेवा आयोग, उ0प्र0 इलाहाबाद।
(5) महानिदेशक दीनदयाल उपाध्याय, राज्य ग्राम्य विकास संस्थान, बक्शी का तालाब, लखनऊ।
(6) आयुक्त, ग्राम्य विकास, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
(7) निदेशक, मुद्रण एवं लेखन सामग्री, उ0प्र0 इलाहाबाद को सरकारी गजट के आगामी अंक में प्रकाशनार्थ।
(8) समस्त जिलाधिकारी/मुख्य विकास अधिकारी/जिला विकास अधिकारी, उत्तर प्रदेश।
(9) समस्त वरिष्ठ कोषाधिकारी, उत्तर प्रदेश।
(10) समस्त मण्डलायुक्त/संयुक्त विकास आयुक्त, उत्तर प्रदेश ।
(11) सम्बन्धित अभ्यर्थी को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि कृपया उक्त आदेश की प्राप्ति के एक माह के भीतर तैनाती के जनपद में कार्यभार ग्रहण करें। अन्यथा यह समझा जायेगा कि वह उक्त पद पर योगदान करने के इच्छुक नहीं है और तद्नुसार उनका अभ्यर्थन समाप्त समझा जायेगा।
(12) गार्ड फाईल।

आज्ञा से

उमा कान्त मिश्र
उप सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।